>

Title : Need to construct Railway Over Bridges in district Chandauli, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में कई रेल लाइनें बिछाई गई हैं जिससे जनपद कइ भागों में बंट गया है। इन रेलवे लाइनों में ओवर ब्रिज न होने से जनता को जिले के एक कोने से दूसरे कोने तक आने-जाने में काफी कठिनाई और परेशानी उठानी पड़ती है तथा कई रेलवे लाइनों को पार करना पड़ता है। गेट बन्द होने की हालत में आम जनता का काफी समय प्रतीक्षा करने में ही लग जाता है। जिला मुख्यालय तथा अस्पताल आदि स्थानों पर जाने में असुविधा होती है। कभी-कभी रेलवे फाटक बन्द होने से मरीजों को बड़ी कठिनाई उठानी पड़ती है। नक्सल प्रभावित जिला होने के नाते भी प्रशासनिक दृष्टिकोण तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन के लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में दिक्कत होती है। इस जनपद में मुगलसराय-गया-हावड़ा लाइन, मुगलसराय-पटना लाइन तथा मुगलसराय-वाराणसी, मुगलसराय-इलाहाबाद लाइनों ने पूरे जनपद को 4-5 भागों में बांट के रख दिया है। इन लाइनों पर अधिक सवारी गाड़ियों एवं मालगाड़ियों का आवागमन होने से रेलवे फाटक बहुत देरी तक बन्द रहते हैं जिससे आम जनता का कीमती समय बर्बाद होता है। न व्यापारी अपना व्यापार ठीक से कर पाता है, न ही स्कूल कालेज जाने वाले छात्र समय से स्कूल पहुच पाते है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीया रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में चन्दौली जिला मुख्यालय स्थित रेलवे लाइन, गया मुगलसराय स्थित चन्दौली-सैदपुर मार्ग तथा अलीनगर से सकलडीहा मार्ग के मटकुइा रेलवे गेट एवं सैयदराजा जमनिया मार्ग के रेलवे गेट पर ओवर ब्रिजों का तत्काल निर्माण कार्य कराए जाने की मांग करता हूँ।